Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-05-2023 | अंक 568

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## मकई खेत में काम कर रहे किसान की वज्रपात से मौत



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

मकई खेत में काम कर रहे किसान की सोमवार को वज्रपात से मौत हो गई। घटना प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत बंदखारो के पारघोघरी टोला की है। बताया जाता है कि किसान युगल महतो उर्फ जगलाली महतो (42) पिता स्व. भुगल महतो दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित खेत में लगे मकई की फसल की पटवन कर रहे थे। इसी दौरान हल्की बूंदाबांदी एवं तेज आंधी तूफान के बीच अचानक वज्रपात होने से वे खेत में हीं अचेत होकर गिर पड़े। वज्रपात की घटना के लगभग एक घंटे बाद परिजन जब खेत की ओर गए तो देखा कि किसान खेत में घायलावस्था में अचेत पड़े हुए हैं। हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुटे और कुछ लोगों के सुझाव पर थोड़ी देर के लिए घायल किसान के शरीर को गोबर से ढ़ेर से दबाकर रखा गया। इस बीच उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने आपदा राहत कोष से मृत किसान के आश्रितों के लिए सरकार से मुआवजा की मांग की है।

## गोंदलपूरा मुखिया ने मारपीट का लगाया आरोप, थाना में दिया आवेदन



**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर गोंदलपुरा गांव के ग्रामीणों पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले को लेकर वासुदेव यादव ने कहा कि रविवार को पीएचडी विभाग के लिए घर घर नल योजना को लेकर मैं सर्वे कर रहा था भूमि प्रतिवेदन तैयार करने के लिए रेवेन्यू टिकट के साथ हस्ताक्षर करा रहे थे इसी दरमियान कुछ ग्रामीणों ने अचानक मेरे साथ मारपीट कर दी। जिसमें कृष्णा यादव, सरोज महतो ,अभिमन्यु राणा ,अर्जुन राणा ने मारपीट किया है । जहां श्रीकांत निराला मारपीट करने के लिए लोगों को उकसा रहे थे। मामले को लेकर कृष्णा यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुखिया के साथ किसी प्रकार का कोई मारपीट नहीं की गई है सिर्फ तू तू मैं मैं हुई है। लगाया गया आरोप बिल्कुल बेबुनियाद है पुलिस जांच कर सकती है। मंगलवार को ग्रामसभा होना था । ग्रामसभा कर सर्वसम्मति से योजना को पारित करने का सुझाव दिया गया था ।

## ससुराल जा रहे हैं मोटरसाइकिल दुर्घटना चालक घायल माथा में 15 टांके लगे

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

रविवार शाम को कटकमदाग प्रखंड के पसई ग्राम निवासी 27 वर्षीय मोटरसाइकिल चालक निर्मल राम (पिता रितु भुइयां) बड़कागांव के गुरु चट्टी में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया ।ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बड़कागांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । सड़क पर गिरने से माथा फट गया । इलाज के दौरान माथे में 15 टांके लगाए गए । घटना को लेकर घायल निर्मल ने बताया कि मैं ससुराल पलांडू जा रहा था सड़क में बालू गिरा हुआ था जिसके कारण मोटरसाइकिल स्लिप कर गिर गया था।

## लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन पंहुची चंदवा ,जिलावासियों को मिलेगी 15 मई से 04 जून तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला प्रशासन लातेहार एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन के 231 वें प्रोजेक्ट के तहत चंदवा के टोरी स्टेशन में आयोजित निरुशुल्क स्वास्थ जांच कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक बैद्धनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, डॉ रोहनी चोगले एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया ।इस अवसर पर श्री राम ने कहा कि इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के पहल से जिले में पहली बार हाईटेक चिकित्सा सुविधा से लैस लाइफलाइन एक्सप्रेस का आगमन हुआ है। लाइफलाइन एक्सप्रेस में मरीजों के लिए निःशुल्क ईलाज की व्यवस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है। इस दौरान विधायक, लातेहार ने जिले वासियों एवं अन्य जिले के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने कि अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से 15 मई से 04 जून तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच एवं सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 साल से नीचे), कटे फटे होंठ की जाँच एवं सर्जरी, दांत की जाँच एवं उपचार, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में मरीजों के स्क्रीनिंग एवं पोस्ट ऑपरेटिव केयर हेतु व्यवस्था की गयी है स इस शिविर का लक्ष्य गरीब जरुरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराना है। इस दौरान उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा की जरूरतमंद, गरीब व असहाय पीड़ित व्यक्तियों को इस शिविर के बारे में जानकारी दें तथा शिविर तक पहुँचने में उनकी मदद करें ।इस दौरान विधायक, उपायुक्त द्वारा निबंधन काउंटर का निरीक्षण कर मरीजों के निबंधन, आवासन, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पहले दिन शिविर में 800 व्यक्तियों के आँख का जाँच किया गया।

ओपीडी एवं ऑपरेशन की तिथिवार जानकारी इस प्रकार हैदृ आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 15 से 20 मई 2023 तक। कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 22 से 26 मई 2023 तक। मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी( 14 साल की नीचे) दिनांक 28 से 30 मई 2023 तक। कटेदृफटे ओठ की जांच एवं सर्जरी दिनांक 28 से 30 मई तक। दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 30 मई से 04 जुन 2023 तक। स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 15 मई से 20 मई 2023 तक।


## पाक कला से बच्चों को भोजन की अहमियत पता चलता है : विजय यादव

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू में पाक कला प्रतियोगिता का अयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पाक कला विकसित करने के उद्देश्य से बच्चों के बीच पाक कला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। शिक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने चार समूह में बंटकर अलग अलग प्रकार के कुल 16 तरीके का व्यंजन बनाया। जिसमे फास्ट फूड से लेकर हेल्थी फूड शामिल था। बच्चों ने बहुत ही अनुशासन व समझदारी के साथ भोजन पकाने में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार यादव ने बच्चों तथा सभी शिक्षकों की सराहते हुए कहा कि- पौष्टिक व संतुलित आहार हमारे लिए बहुत ही जरूरी होता है । व्यर्थ में भोजन को बर्बाद नही करनी चाहिए। उन्होंने बताया की पाक कला प्रतियोगिता आयोजित करने के मुख्य उद्देश्य बच्चों में भोजन की उपयोगिता से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से बच्चों में भोजन की अहमियत का पता चलता है। इसके साथ ही भोजन बनाने की रुचि तथा प्रतियोगी क्षमता का विकास होता है। मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुखिया एवं प्राचार्य मनोज यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिन्हे सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया उनमें संतोषी, शिवानी, अंजली, अर्चना, संजू ,विनीता, प्रियंका,दीपा, सीमा प्रीति लक्ष्मी ,अंशु ,खुशबू,गुलशन अनीशा ,पार्वती,प्रतिभा सिंपी,पिंकी ,दीपिका, साक्षी,दिव्या,मोनिका,शिवानी ,मधु,आकृति,अंजली ,प्रीति ,लक्ष्मी शामिल थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सिकंदर यादव ,दिलीप कुमार, ,सूरज कुमार, बालगोविंद ठाकुर, संदीप पासवान ,भारती कुमारी ,रानी कुमारी ,सबिला खातून, दीपक कुमार आदि शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भक्ति मार्ग ही सभी समस्याओं का हल है कथावाचक सौरव शुक्ला

### बरकट्ठा परबत्ता यज्ञ परिक्रमा में उमड़ रहे श्रद्धालु





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा परबत्ता स्थित नव निर्मित श्री हनुमानजी मंदिर की पावन प्राण प्रतिष्ठा के निमित हो रहे श्री हनुमान जी मानस महायज्ञ के तत्वाधान में यज्ञ मंडप की परिक्रमा व प्रवचन सुनने को ले कर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है वही अनवरत कथावाचन रासलीला की अविरल धारा बह रही है ज्ञात हो कथावाचन को ले पधारे छोटे सरकार महाराज, ज्योति शास्त्री व सौरव शुक्ला की तिकड़ी ने परबत्ता बरकट्ठा में भक्ति का अद्भुत संगम व सहयोग बना दिया है रात दिन श्रद्धालुओं का तांता पंडाल व महायज्ञ की ओर ही हो रहा है रात्रि प्रवचन में कथावाचक सौरव शुक्ला ने श्री हनुमानजी कथा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा भक्ति मार्ग ही जीवन के उद्धार का सुगम मार्ग है प्रवचन सुनने के लिए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया प्रमिला देवी, दर्शन सोनी, सुशील पांडेय, अशोक गुप्ता, अशोक नायक, छोटी मंडल, गोपेश्वर प्रसाद, बासुदेव प्रसाद मंडल समेत बड़ी संख्या में सनातनी समाज उपस्थित थे । यज्ञ में अनवरत भंडारा व प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था यज्ञ आयोजन समिति के द्वारा की गई है वही बच्चो के लिए आकर्षक झूला व ब्रेक डांस का मिनी मेला का आयोजन किया गया है वही यज्ञ को सफलता के लिए यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष बाल्की यादव,रूपलाल यादव, किशोर पांडेय, सचिव छोटी यादव, दीपक राणा, कोषाध्यक्ष महेश मंडल, संदीप राणा, उपसचिव श्रीकांत पांडेय, प्रयाग राम, उप कोषाध्यक्ष रमेश यादव, वीरेंद्र राणा, निगरानी समिति अध्यक्ष शूसेन पांडेय, प्रवीण पाण्डेय, रोहित यादव, महादेव यादव, संजय यादव, गोलू यादव, सुमन यादव, सिक्की विश्वकर्मा, साहेब मंडल, राम यादव, संदीप राणा, राकेश राणा, बिट्टू राणा, राहुल राणा, रणजीत राणा, आनंद सोनी, रोहित यादव, यादव ,विनय मंडल, नारायण मंडल, राजेश मंडल ,शिवशंकर यादव, रा. जेश यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं की टोली श्रद्धालुओं की मदद के लिए उपलब्ध है ।

## 20 सूत्री अध्यक्ष ने किया राजन मोटर पार्ट्स दुकान का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही बाईपास कोनरा में राजन मोटर्स पार्ट्स का दुकान खुला। नव प्रतिष्ठान दुकान का उद्घाटन 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने किया। दुकान के संच. ालक मो राजन ने बताया की उनके दुकान में 10 चक्का, 12 चक्का 14 चक्का, टेलर और हाईवा बोलेरो स्कॉर्पियो, स्विफ्ट डिजायर मारुति कंपनी का जितनी भी गाड़ी हैं और हौंडा कंपनी का सारी गाड़ी का पार्ट्स उपलब्ध है । इसके साथ ही टाटा मोटर्स का जितना भी गाड़ी है उसका भी सारा का सामान उपलब्ध है । उनके यहां इलेक्ट्रिक और इंजन मिस्त्री इलेक्ट्रिक मिस्त्री उपलब्ध है। मौके पर मोहम्मद इकराम , मोहम्मद यूसुफ बाबू उर्फ मोहम्मद अहसान, मोहम्मद जियारत ,सोनू उर्फ मोहम्मद गुफरान, पंचायत समिति सदस्य भाग-2 मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद अजहर सहित कई लोग मौजूद रहे

## यज्ञ एवं भगवान के कथा श्रवण से सामाजिक कुरीतियों का होता है नाश : मो कयूम

### बिजैया में आयोजित महायज्ञ कथा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कथा प्रवचन कार्यक्रम का उद्घाटन करते

बिजैया में चल रहे नौ दिवसीय श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालु पूजन कार्य के लिए पहुंच रहे है। यज्ञ अयोजन समिति के द्वारा प्रत्येक दिन कथा प्रवचन का भी आयोजन किया जा रहा है। रविवार देर रात कथा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने सामूहिक रूप से किया। कथा वाचक राघव प्रिया जी ने भगवान की भक्ति और जीवन में भक्ति मार्ग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर को कयूम ने कहा की जब जब धरती पर पाप बढ़ा है, तब तब भगवान ने अलग अलग रूप में अवतार लेकर उस पाप को खत्म किया है। उन्होंने कहा की यज्ञ , कथा श्रवण से सकारात्मक ऊर्जा की उत्पति होती है। लोग बुरी लत छोड देते हैं। देवलाल कुशवाहा ने कहा की यज्ञ से वातावरण में शुद्धता आती है। मौके पर पूर्व मुखिया श्री दशरथ यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ मोदी, सुरेश कुशवाहा , महेश दास ,रवि प्रसाद ,चंद्रिका प्रसाद, लोकेश प्रसाद ,उमेश प्रसाद, चंद्रिका दास , रविन्द्र कुमार ,सुनील प्रसाद, द्वारिका प्रसाद ,केदार यादव ,मुकेश यादव ,राजू मोदी, सुनील कुमार सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विष्णुगढ़ में तेज आंधी-तूफान से कई घरों के छप्पर उड़े

### कई पेड़ हुए धराशाई, बिजली के खंभे तथा तार क्षतिग्रस्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में तेज आंधी-तूफान के कहर से उजड़ा हुआ घर

विष्णुगढ़ प्रखंड में सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। तीखी धूप के बाद लगभग एक बजे से आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगी। तेज हवाओं ने थोड़ी ही देर में आंधी तूफान का रूप ले लिया। जिसके कारण कई घरों के छप्पर और एस्बेस्टस शीट उड़ गए। सबसे अधिक क्षति प्रखंड के अचलजामो गांव में हुई। हल्की बूंदाबांदी के बीच यहां तूफान का प्रकोप सबसे अधिक रहा। अचलजामो में राधी बंगाली, विवेक कुमार, राजू महतो समेत अन्य कई ग्रामीणों के छप्पर तथा एस्बेस्टस शीट की छत उड़कर दूर जा गिरी। जिससे घर में रखे कई उपयोगी सामान भी बर्बाद हो गए। सबसे अधिक नुकसान खपरैल मकान वाले ग्रामीणों को पहुंचा है। तेज तूफान के कारण कई जगहों पर विशाल पेड़ भी धाराशाई हो गए। कई जगहों पर पेड़ की डालियां टूटकर बिखर गई। इससे बिजली के पोल और तारों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। जिसके कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। अचलजामो के अतिरिक्त प्रखंड के करगालो, सिरैय, मड़मो आदि गांवों में तूफान ने जमकर तबाही मचाई। मड़मो में तेज बारिश के साथ तूफान ने काफी कहर ढ़ाया। कई लोगों के पुआल का माचा टूट्कर जमीन पर बिखर गया। खेत में लगी मकई, टमाटर, पपीता समेत अन्य कई जेठुवा फसलों को भी भारी क्षति हुई है। जिससे किसानों में भारी निराशा है। पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता समेत पीड़ितों ने सरकार से आपदा राहत कोष से क्षति का आकलन करते हुए मुआवजा राशि भुगतान करने की मांग की है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरकट्ठा का बेटा गौतम केंद्रीय सचिवालय में ऑफिसर बना

**अपेम लाइव : बरकटठ्**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा जुनून और जज्बा से कुछ अलग करने की सोच लेता है तो कर ही लेता है ऐसा कारनामा कर दिखाया ग्राम सलैया प्रखण्ड बरकट्ठा, निवासी राजेंद्र प्रसाद के सुपुत्र गौतम गंभीर का चयन केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन हुआ वे वर्तमान में रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे एक साधारण परिवार से सम्बन्ध रखने वाले गौतम की प्राथमिक शिक्षा बरकट्ठा से ही पूरी की इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत से यह मुकाम प्राप्त किया है उन्होंने क्षेत्र के अध्ययनरत छात्रों को यह संदेश दिया मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल हासिल किया जा सकता है इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत होती है अनवरत पढ़ाई करने से एक न एक दिन मुकाम हासिल हो जाता है उन्होंने बताया कि अपनी पढ़ाई को अनवरत जारी रखा इसका परिणाम आज आप लोग के सामने है, इसमें उन्होंने अपने माता-पिता गुरुजन बड़े मामा रामचंद्र चौधरी और जीजा अनुज कुमार वेज्ञानिक को दिया है भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा साधारण परिवार के विद्यार्थी भी अपनी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, एक दिन अच्छी मुकाम जरूर हासिल कर सकते हैं द्यउनकी सफलता पर विधायक अमित कुमार यादव,पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, पुर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, समाजसेवी दर्शन सोनी, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष मो यासीन खान धनेश्वर यादव, इंदजीत प्रसाद, अमजद खान समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उज्ज्वल भविष्य कि कामना, बधाई और शुभकामनाएं दिए ।

## हजारों लीटर पानी बहकर हो रहा बर्बाद,विभाग है मौन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : इस भीषण गर्मी में एक तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा है वहीँ दूसरी तरफ नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के अंबाकोठी मोहल्ला में सप्लाई वाटर कनेक्शन का पाइप फट जाने से हजारों लीटर पीने का पानी बहकर यूं ही बर्बाद हो रहा है। यह स्थिति करीब शहर में चार माह से बनी हुई है। इसकी शिकायत पूर्व वार्ड पार्षद वीरेंद्र पासवान ने कई बार नगर पंचायत के कर्मियों व पदाधिकारियों से की है, लेकिन विभाग इसे दुरूस्त कराने के प्रति पूरी तरह उदासीन है। पूर्व वार्ड पार्षद वीरेंद्र पासवान ने बताया कि मेरी शिकायत पर विभाग के कनीय अभियंता संदीप बेदिया उक्त स्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए थे, लेकिन उनके द्वारा भी अब तक कोई कारगर पहल नहीं की गई। नतीजतन, चार माह से रोजाना कहीं ना कहीं पीने का पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। मोहल्लावासी अनूप कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, भुनेश्वर प्रसाद, हरिओम प्रसाद, संतोष कुमार ने कहा कि इस मोहल्ले में दो-दो वार्ड पार्षद एवं एक नपं कर्मी का घर भी स्थित है, बावजूद इसके एक माह में वाटर सप्लाई का पाइप दुरूस्त नहीं होना चिंतनीय है। सरकार और प्रशासन लाखों रूपए खर्च कर "जल ही जीवन है" का संदेश देकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम आदमी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उनके ही नुमाइंदे पेयजल के उपयोगिता एवं महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं, जो चिंतनीय व हास्यास्पद है।मोहल्लेवासियों ने वाटर सप्लाई पाइप को अविलंब दुरूस्त कराने की मांग की है।




## जीआईआईएस में वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



वन विभाग द्वारा मिशन लाइफ के तहत एक्शन प्लान के माध्यम से सोमवार को विष्णुगढ़ के ग्रेट इंडियन इंस्टीच्यूट अ०फ साइंस के बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। वनरक्षी परमेश्वर महतो तथा सुमित कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है। हमारी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे और ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सके। पर्यावरण के दोहन के कारण लोगों में कई तरह की बीमारियां फैल रही है। वनकर्मियों ने विद्यार्थियों को परंपरागत ऊर्जा की बचत, जल संचय, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, सतत खाद्य प्रणाली को प्रयोग, स्वच्छता, स्वस्थ जीवन शैली, इलेक्ट्रॉनिक कचरा आदि में कमी के बारे में जानकारियां दी। सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि संस्थान में पढ़ाई के अलावा विद्यार्थियों के बीच अनेक सामाजिक सरोकार से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जिससे बच्चे समाज में हो रहे परिवर्तनों को समझ सके और अपने दैनिक जीवन में उतार सके। संस्थान के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि संस्थान में कक्षा 11 का नया सत्र शुरू किया गया है। विद्यार्थी बिना देर किये जल्द से जल्द अपना नामांकन कराएं। कहा कि पहले 20 विद्यार्थियों को नामांकन में 11.5 प्रतिशत शुल्क माफ़ किया जाएगा। संस्थान में छात्र एवं छात्राओं के लिए हॉस्टल की भी विशेष सुविधा है। संस्थान में प्रैक्टिकल द्वारा भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के सारे कान्सेप्ट सिखाए जाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा, चंद्रदेव कुमार, राजेश कुमार, अखिलेश कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## पलांडू गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पलांडु मे स्वास्थ मेला लगाया गया जिसमे ग्रामीणों का स्वास्थ ज०च किया गया और स्वच्छता पखवाड़ा पर शपथ भी ली गई। वहीं ग्रामीणों की स्वास्थ संबंधी बी पी, शुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, वजन, कुष्ठ निवारण, आंख सम्बंधी जानकारी और गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया। स्वास्थ्य पदाधिकारी मुकेश गोस्वामी ने बताया कि टी बी रोग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो का जांच करवाए ताकि टी बी को जड़ से समाप्त कर सके और टी बी मुक्त पंचायत घोषित कर सके। इस स्वास्थ्य मेला मे मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारि मुकेश गोस्वामी, विकाश कुमार, सहिया उषा देवी, आशा देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, कंचन देवी, रीना कुमारी, अनिता देवी, जीरवा देवी, मीना देवी, कोशीला देवी , रानी मिर्धा, स्वास्थ्य सहयोगी अनिता गोस्वामी, गीता देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जिप सदस्य सुनीता देवी ने महुगाई पंचायत का दौरा किया समस्याओं से हुई अवगत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य जिला परिषद् सदस्य सुनीता देवी ने अपने क्षेत्र पंचायत महुंगाई कला के ग्राम मोतरा के हरिजन टोला ,अमृत नगर,आजाद नगर का दौरा किया एवं जन समस्याओं से अवगत हुई। जिसमें अनेक प्रकार की समस्या देखी गई।ग्रामीणों के बीच आवास की कमी को लेकर घोर परेशानी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना हैं कि जेएसडब्ल्यू कोल कम्पनी के कारण आवास नही बन पा रहा। और जल मीनार खराब होने से पानी की किल्लत हो रही है।साथ ही साथ अंबाजित मोड़ से आजाद नगर होते हुए ग्राम हाहे तक रोड निर्माण हुवा हैं परंतु पुलिया नहीं दिया गया जिसके बरसात के समय पहाड़ का पानी आने से दर्जनों लोगों का मिट्टी का बना घर ढह सकता है। सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विगल चौधरी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**APEM LIVE**